पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 17 अगस्त 2024

प्रेस विज्ञप्ति

पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ जघन्य अपराध मामले में अभाविप ने किया देशव्यापी प्रदर्शन।

ममता बनर्जी सरकार महिलाओं की सुरक्षा में विफल, त्यागपत्र दें: याज्ञवल्क्य शुक्ल।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने पश्चिम बंगाल स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ यौन दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में शनिवार को देशव्यापी प्रदर्शन कर इस मामले में न्याय की माँग की। पश्चिम बंगाल में घटित जघन्यतम श्रेणी के इस अपराध ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के देशभर में हुए प्रदर्शनों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी सम्मिलित हुए तथा विद्यार्थी समुदाय ने महिला डॉक्टर के साथ हुए क्रूरतम अपराध पर अपना रोष प्रकट किया, साथ ही मेडिकल कॉलेज में हुई तोड़फोड़ तथा साक्ष्य मिटाने के प्रयासों को रोकने में ममता बनर्जी सरकार की विफलता की कड़ी निन्दा की ।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने दिल्ली में बंग भवन पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई घटना अत्यंत हृदय विदारक है। कार्यक्षेत्र में महिलाएं सुरक्षित हों, इसलिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने चाहिए। पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं और आपराधिक तत्वों पर लगाम लगाने में प्रदेश सरकार विफल है। ममता बनर्जी सरकार महिलाओं की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल हो गई है, ममता बनर्जी को तुरंत अपने पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए।

अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था बदतर हो चुकी है। ममता बनर्जी, पश्चिम बंगाल की स्थिति बांग्लादेश जैसी बना देना चाहती हैं। पश्चिम बंगाल में मेडिकल कॉलेज से जिस प्रकार साक्ष्य मिटाने के प्रयास हुए और पुलिस मूक बनी रही, वह सरकार की कानून व्यवस्था के प्रति उदासीनता को दिखाती है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि महिलाओं के लिए कार्यक्षेत्र सुरक्षित हों।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगम्बर पवार द्वारा जारी की गई है।)